कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / स्थापना / 2023 / 3960 दिनांक : 27.09.23

:: आदेश ::

स्थानीय कार्यालय के आदेश क्रमांक / स्थापना / 2023 / 3233 दिनांक 18.08.2023 के क्रम संख्या 107 पर अंकित श्री वसुदेव मीना पुत्र श्री मूलचंद मीना मेरिट नं. 2648 रोल नं. 170621 की लिपिक ग्रेड–द्वितीय के पद पर 02 वर्ष की परिवीक्षा के रूप में नियुक्ति दी जाकर आदेश क्रमांक / स्थापना / 2023 / 3235 दिनांक 18.08.2023 से उनका पदस्थापन कार्यालय अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–02, चित्तौड़गढ में किया गया था एवं इन्हें 07 कार्यदिवस की निर्धारित अवधि में पदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण करने का निर्देश प्रदान किया गया था। किन्तु श्री वसुदेव मीना द्वारा उक्त आदेशों की पालना में निर्धारित अवधि में कार्यग्रहण नहीं किया गया हैं एवं जरिये ई–मेल इस कार्यालय को सूचना प्रेषित की गई कि "I am not interested for this job"।

श्री वसुदेव मीना द्वारा निर्धारित अवधि तक नियुक्ति आदेश की पालना में कार्यग्रहण नहीं किया गया है तथा उनके द्वारा प्रेषित ई–मेल से यह सुनिश्चित है कि अभ्यर्थी उक्त सेवा / पद पर कार्य करने का इच्छुक नहीं है। अतः नियमानुसार निर्धारित अवधि में कार्यग्रहण नहीं करने के फलस्वरूप श्री वसुदेव मीना का नियुक्ति आदेश तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

-----------Sd-----------
जिला एवं सेशन न्यायाधीश
चित्तौड़गढ़

क्रमांक / स्थापना / 2023 / 3961 दिनांक : 27.09.23

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

01. प्रभाराधिकारी (ई–कोर्ट) जिला एवं सेशन न्यायालय, चित्तौड़गढ़ को प्रेषित कर लेख है कि आदेश की प्रति वेबसाईट पर अपलोड करावे।
02. अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–02, चित्तौड़गढ़
03. MR. VASUDEV MEENA S/O MOOL CHAND MEENA ADDRESS : VILLAGE- BARH RASOOLPURA POST- LALWAS TEH JAMWARAMGARH , JAIPUR
04. गार्ड / संबंधित पत्रावली

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
चित्तौड़गढ़